वी.यू. की छात्रा प्रणाली मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत वेटरनरी महाविद्यालय महू की छात्रा प्रणाली मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर वि.वि. का नाम रोशन किया है। गोविन्द बल्लभ पंत एग्रीकल्चर एवं टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखण्ड में "द प्रेजेन्ट सोशल स्नीरियो ऑफ इंडिया प्रूव्स देट इंडियन यूथ इज कमिटेड टू सोशल चेंज" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

28 वि.वि. के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया– इस राष्ट्रीय स्तर की वाद विवाद प्रतियोगिता में देश के 28 विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 14 एवं 15 जनवरी 2019 को हिन्दी एवं ॲंग्रेजी माध्यम में छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रणाली मिश्रा ने बड़े प्रभावी ढंग से ॲंग्रेजी भाषा में अपने विचार व्यक्त किये जिन्हें सराहना मिली।

प्रथम स्थान प्राप्त– इस छात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उत्तराखण्ड हाईकोर्ट के ज्वाइंट एडवोकेट जनरल सरदार गजेन्द्र सिंह के कर कमलों द्वारा तीन हजार रूपये के चेक एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

वि.वि. करेगा सम्मान– वि.वि. के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्ता एवं शुभकामनाओं के साथ छात्रा को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि उचित अवसर पर वि. वि. को गौरवान्वित करने वाली इस छात्रा का सम्मान किया जायेगा।

प्रतिस्पर्धाओं से नेतृत्व क्षमता प्राप्त होती है– डॉ. जुयाल हमेशा खेल–कूद, वाद–विवाद, घुड़सवारी प्रतियोगिताओं सहित अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु छात्रों को प्रेरित करते है। उनके अनुसार इससे छात्रों का व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर